मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-559**
**24/10/2023**

# रावण वध समारोह में शामिल हुये मुख्यमंत्री

पटना, 24 अक्टूबर 2023 :– राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज पटना के गाँधी मैदान में बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व विजयादशमी के मौके पर श्री रामलीला महोत्सव एवं रावणवध समारोह–2023 का दीप प्रज्जवलित कर विधिवत उद्घाटन किया। श्री श्री दशहरा कमिटी ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस रावण दहन कार्यक्रम में सबसे पहले आयोजकों द्वारा मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार का स्वागत स्मृति चिन्ह् भेंट कर किया गया। मुख्यमंत्री ने गुब्बारा उड़ाकर राज्य में शांति एवं सौहार्द्र कायम रखने का संदेश दिया। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने श्रीराम, एवं श्री लक्ष्मण के स्वरूप को तिलक लगाकर उनकी आरती की। तत्पश्चात् बारी–बारी से बुराई के प्रतीक कुंभकरण, मेघनाद एवं रावण का पुतला दहन किया गया।

कार्यक्रम में राजद सुप्रीमो श्री लालू प्रसाद यादव, वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री तेजप्रताप यादव, बिहार प्रदेश कॉग्रेस के अध्यक्ष सह सांसद श्री अखिलेश प्रसाद सिंह, सांसद श्री रविशंकर प्रसाद, विधान पार्षद श्रीमती रीना यादव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग की प्रधान सचिव श्रीमती एन0 विजया लक्ष्मी, सचिव भवन निर्माण एवं आयुक्त पटना प्रमंडल श्री कुमार रवि, जिलाधिकारी पटना श्री चन्द्रशेखर सिंह, पुलिस महानिरीक्षक पटना सेंट्रल श्री राकेश राठी, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा, श्री श्री दशहरा कमिटी ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री कमल नोपानी, सचिव श्री अरूण कुमार, उपाध्यक्ष श्रीमती सुषमा साहु, संयोजक श्री मुकेश नंदन सहित श्री श्री दशहरा कमिटी ट्रस्ट के सदस्यगण एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति कार्यक्रम में मौजूद थे।

******